# शासकीय डॉ0 वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति

## महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

# उद्देश्य एवं स्त्रोत :–

- महाविद्यालय की अधोसंरचना विकास एवं अकादमिक गतिविधियों में विशिष्ट योगदान हेतु जनभागीदारी समिति को प्रारंभ किया गया।

- प्रवेशित छात्राओं से प्राप्त वार्षिक शुल्क एवं जनसहयोग के माध्यम से विभिन्न कार्यों की स्वीकृति दी गई।

# जनभागीदारी मद के माध्यम से निर्धारित विभिन्न गतिविधियाँ :–

- अध्यापन व्यवस्था में विशेष व्याख्यान, कार्यशाला, प्रशिक्षण, शैक्षणिक भ्रमण, सेमीनार का आयोजन।
- सामाजिक सरोकार के कार्य :–
- स्वच्छता अभियान, ग्रीन कैम्पस, ग्रीन आर्मी, एक्वा क्लब की गतिविधियाँ का संचालन
- स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम :–
- वॉटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट मैनेजमेन्ट, गॉर्ड रूम का निर्माण
- रोजगार मार्गदर्शन कौशल विकास

# सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ते कदम : कार्यशाला

- **माटीशिल्प :–**

प्राचीन परम्पराएँ एवं संस्कृति, पर्यावरण हितैषी रही है। सुप्रसिद्ध एवं स्थानीय कलाकारों के माध्यम से मिट्‌टी की गणेश प्रतिमाएँ बनाकर उन्हें प्राकृतिक रंगों से संवारा गया। 300 छात्राओं ने कार्यशाला में सहभागिता दी।



# सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ते कदम : कार्यशाला

- आदिरंग :–

भारतीय लोककला एवं चित्र शैली का अनूठा संगम इस कार्यशाला में दिखाई दिया। राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने मधुबनी, राठवा, गोंड, भील, गोदना चित्रशैली का प्रशिक्षण दिया। छात्राओं द्वारा बनायी गयी कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगायी गयी।



# सुनहरे भविष्य की ओर बढ़ते कदम : कार्यशाला

- **बोनसाई कला :–**

  छात्राओं को प्रायोगिक रूप से बोनसाई तैयार करना सिखाया गया। इसके साथ ही लैण्डस्केपिंग, टेरेस गॉर्डनिंग पर भी प्रशिक्षण दिया गया। बोनसाई के लिये उथले पात्र में काली मिट्‌टी, ईंट के टुकड़े, वर्मी कम्पोस्ट, मोटी रेत, कोको चूरा को निर्धारित मात्रा में मिलाकर पौधा तैयार करना सिखाया गया।






# सामाजिक सरोकार के कार्य

- **ग्रीन आर्मी :–**

पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं दायित्वबोध से अवगत कराने के उद्देश्य से ग्रीन आर्मी का गठन किया गया। छात्राओं द्वारा परिसर में पौधारोपण कर परिसर को हरा–भरा रखने संकल्प लिया। ग्रीन आर्मी द्वारा ग्रामीण अंचल की शालाओं में जाकर विद्यार्थियों को पौधरोपण करने एवं सुरक्षित रखने का अभियान चलाया।



# सामाजिक सरोकार के कार्य

- **एक्वा क्लब :–**

जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निर्वहन हेतु एक्वा क्लब का गठन किया गया। छात्राओं ने विभिन्न वार्डों में जाकर स्वास्थ्य जागरूकता के लिये सुरक्षित और संरक्षित जल का महत्व बतलाया। डेंगू उन्मूलन में छात्राओं ने घर–घर जाकर कूलर एवं पानी टंकी की सफाई की तथा संग्रहित जल में डेंगू लार्वा के उत्पन्न होने की जानकारी देकर जागरूकता अभियान चलाया।





# छात्राओं को प्रदत्त विशेष सुविधाएँ :–

- वार्षिक परीक्षाओं का संचालन विशेष रूप से ग्रीष्म काल में होता है इसे देखते हुए जनभागीदारी समिति ने छात्राओं को विशेष सुविधायें दी गई।
- समस्त परीक्षा कक्ष में कूलर की व्यवस्था की गई।
- परीक्षा कक्षों में शीतल जल हेतु वाटर जग की व्यवस्था की गई।
- तीक्ष्ण धूप से बचाव के लिये ग्रीन नेट की व्यवस्था की गई।







# ऑनेस्टी कॉर्नर :–

छात्राओं को प्रतिदिन लगने वाली स्टेशनरी सामग्री को परिसर में ही उपलब्ध कराने तथा उसे क्रय कर स्वयं निर्धारित सामग्री की राशि बॉक्स में डालने की व्यवस्था की गई।



# स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

## मेडिकल सेन्टर की स्थापना –

महाविद्यालय में स्थायी रूप से मेडिकल सेन्टर की स्थापना की गई। जिसमें प्रति सप्ताह शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक अपनी सेवायें दे रहे है। छात्राओं को स्वास्थ्य जागरूकता की जानकारी एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। छात्राओं हेतु हेल्थ कार्ड की सुविधा के साथ विभिन्न चिकित्सकीय उपकरण भी उपलब्ध है।






# मिट्टी परीक्षण –

कृषि कार्य हेतु मिट्टी की गुणवत्ता का अत्यधिक महत्व है। वैज्ञानिक पद्धति द्वारा कृषि कार्य को प्रोत्साहित करने हेतु विद्यार्थियों की भागीदारी हेतु सुनिश्चित करने छात्राओं को शासकीय मिट्टी परीक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण की सुविधा दी गई।



# सामान्य ज्ञान बढ़ाने की अनूठी पहल

छात्राओं में सामान्य ज्ञान एवं सम–सामयिक घटनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रति सप्ताह सामान्य ज्ञान एवं सम–सामयिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछा जाता है। जिसका उत्तर छात्राओं द्वारा एक बॉक्स में डाला जाता है। प्रत्येक शनिवार को लॉटरी के माध्यम से सही उत्तर देने वाली तीन छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया जाता है।



# रोजगारोन्मुखी एवं कौशल विकास कार्यक्रम

छात्राओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करने कला प्रदर्शनी का आयोजन एवं प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें स्वयं के द्वारा निर्मित पॉटरी, पेन होल्डर, मोमबत्तियाँ, आकर्षक दिया, एवं गृह सज्जा की वस्तुएँ प्रदर्शनी लगाकर विक्रय की गई।



# प्री–प्लेसमेन्ट ट्रेनिंग

विभिन्न प्रशिक्षण संस्थाओं के माध्यम से एक सप्ताह का प्री–प्लेसमेन्ट ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं को बायोडाटा बनाना, ग्रुप डिस्कशन, साक्षात्कार, आनलाईन परीक्षा की जानकारी दी गई।



# विशेष

जनभागीदारी समिति द्वारा इन महत्वपूर्ण कार्यों के साथ ही अन्य प्रमुख कार्यों में भी सहभागिता दी है।

जैसे – गार्ड कक्ष का निर्माण, सोख्ता गढ्ढा, शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन, फर्नीचर एवं उपकरणों की उपलब्धता, सौन्दर्यीकरण में योगदान, बॉटनिकल गार्डन का निर्माण के साथ ही छात्राओं की विभिन्न समस्याओं के निदान में महती भूमिका निभाई जा रही है।




**धन्यवाद**